# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905

E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org


# Bid Document

कार्य का नाम:– बीकानेर नगर निगम के नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन एवं मशीनहॉल के ब्लॉकेज को खोलना एवं सीवर लाईन की प्लगिंग कर डी–सिल्टिंग कार्य हेतु नगर निगम की हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन एवं जेटिंग कम सक्सन मशीनों का बोली शर्तों अनुसार रख–रखाव एवं संचालन कार्य।

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905

E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org


# **Bid Document**

कार्य का नामः– बीकानेर नगर निगम के नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन एवं मशीनहॉल के ब्लॉकेज को खोलना एवं सीवर लाईन की प्लगिंग कर डी–सिल्टिंग कार्य हेतु नगर निगम की हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन एवं जेटिंग कम सक्सन मशीनों का बोली शर्तों अनुसार रख–रखाव एवं संचालन कार्य।

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / यंत्रालय / 2025 / 374 दिनांकः– 07/01/25

## ई–बोली सूचना –12

बीकानेर नगर निगम के नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन एवं मशीनहॉल के ब्लॉकेज को खोलना एवं सीवर लाईन की प्लगिंग कर डी–सिल्टिंग कार्य हेतु नगर निगम की हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन एवं जेटिंग कम सक्सन मशीनों का बोली शर्तो अनुसार रख–रखाव एवं संचालन कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से ई–प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ई–बोली आमंत्रित की जाती हैं। बोली से सम्बन्धित समस्त विवरण **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं नगर निगम की वेबवाईट **www.bikanermc.org** पर देखी जा सकती हैं।
**कार्य की अनुमानित लागत – रूपये 330.00 लाख**

**आयुक्त**
**बीकानेर नगर निगम**

**क्रमांक / यंत्रालय / 2025 /** 375-83 **दिनांकः–** 07/01/25
**प्रतिलिपि :–**

1. श्रीमान् निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि संलग्न बोली का प्रकाशन विक्रय तिथि से समुचित समय पूर्व कम से कम स्पेस में नियमानुसार राज्य सरकार की प्रकाशन नीति के अनुरूप एक राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र एवं एक अखिल भारतीय स्तर के अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन करवाने की व्यवस्था करें।
2. प्रशासक महोदया, बीकानेर नगर निगम।
3. उपापन समिति सदस्य, बीकानेर नगर निगम।
4. अधिशाषी अभियंता यांत्रिक, बीकानेर नगर निगम।
5. सहायक / कनिष्ठ अभियंता सीवर कार्य, बीकानेर नगर निगम।
6. सीवरेज कार्य प्रभारी, बीकानेर नगर निगम को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि उक्त बोली प्रपत्र को www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करावें।
7. ओसवाल डाटा, बीकानेर नगर निगम को प्रेषित कर लेख है कि बोली को नगर निगम की वेबसाईट www.bikanermc.org व www.sppp.rajasthan.gov.in पर प्रकाशन करावें।
8. नोटिस बोर्ड, बीकानेर नगर निगम।
9. सुरक्षित पत्रावली।

**आयुक्त**
**बीकानेर नगर निगम**

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905

E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

## Tender Issuing Form

| S. No | Particular | Detail |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | बीकानेर नगर निगम के सम्पूर्ण नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन एवं मशीनहॉल के ब्लॉकेज को खोलना एवं सीवर लाईन की प्लगिंग कर डी–सिल्टिंग कार्य हेतु नगर निगम की हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन एवं जेटिंग कम सक्सन मशीनों का अनुबंध अवधि में रख–रखाव एवं संचालन का कार्य। |
| | Period | 1 year |
| 2 | Estimated project cost | Rs. 330.00 Lacs |
| 3 | Cost of tender document (non-refundable) In favor of Bikaner Municipal Corporation, payable at Bikaner | Rs. 5000 |
| 4 | RISL processing fee (non-refundable) In Favor of Managing Director RISL, payable at Jaipur | Rs. 2000 |
| 5 | Earnest money deposit (2%) | Rs. 6.60 Lacs |
| 6 | Tender Publication on official website http://eproc.rajasthan.gov.in | 08.01.2025 ,05.00 PM |
| 7 | Tender download start Date | 08.01.2025 ,06.00 PM |
| 8 | Pre Bid Meeting Date & Time | 14.01.2025 ,02.00 PM |
| | Pre Bid Meeting Place | Meeting Hall, Nagar Nigam, Bikaner |
| 9 | Bid Submission start Date & Time | 15.01.2025 ,05 .00PM |
| 10 | Bid submission End Date | 28.01.2025 ,05.00 PM |
| 11 | Technical bid opening Date & Time | 29.01.2025 ,11.30 AM |
| 12 | Financial Bid opening Date& Time | Financial Bid will be opened only of Technically Qualified Bidders. It will be communicated after evaluation of Tachnical Bid |
| 13 | Non Judicial Stamp | सभी प्रकार के शपथ पत्र पृथक–पृथक नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करने होंगे। नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प राजस्थान राज्य के होने चाहिये, अन्यथा बोली पर विचार नहीं किया जायेगा। |

1. बोलीदाताओं को बोली शुल्क, अमानत राशि एवं प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन बीकानेर नगर निगम की बेवसाईट www.bikanermc.org पर निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन करके www.eproc.rajasthan.gov.in पर तकनीकी बिड के साथ अपलोड करने पर ही बोली को मान्य किया जायेगा।
2. बोली से सम्बन्धित समस्त विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं नगर निगम की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखा जा सकता हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीयन होना आवश्यक है एवं इसी वेबसाईट पर यह बोली ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी।
3. बोली की वैधता अवधि वित्तीय बोली खोलने की दिनांक से 90 दिवस तक होगी।
4. बोली खोलने की दिनांक को किसी कारणवश बोली नहीं खोली गई है जो उसके अगले कार्य दिवस को यह बोली खोली जायेगी।

आयुक्त
बीकानेर नगर निगम

**1. कार्य :–**

1.1 बीकानेर नगर निगम के नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन एवं मशीनहॉल के ब्लॉकेज को खोलना एवं सीवर लाईन की प्लगिंग कर डी–सिल्टिंग कार्य हेतु नगर निगम की हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन, जेटिंग कम सक्सन मशीनों का बोली शर्तों अनुसार रख–रखाव एवं संचालन कार्य मय वाहन चालक, ऑपरेटर, श्रमिक, POL सहित कार्य हेतु बोली आमंत्रित की जाती है।

1.2 इस कार्य हेतु हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन एवं जेटिंग कम सक्सन मशीनें नगर निगम द्वारा सफल संवेदक को उपलब्ध करवाई जायेगी। इन मशीनों पर वाहन चालक, ऑपरेटर, श्रमिक, POL इत्यादि समस्त संसाधनों को लगाते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र में सीवर लाईन एवं मशीनहॉल के ब्लॉकेज को खोलना एवं सीवर लाईन की प्लगिंग कर डी–सिल्टिंग कार्य सफल संवेदक को बोली शर्तों अनुसार करना होगा।

**2. बोली प्रस्तुत करना :–**

2.1 बोली द्वि–स्तरीय बिड पद्धति के अनुसार दो लिफाफों में ऑनलाईन आमंत्रित की गयी है जिसमें प्रथम तकनीकी बिड होगी जिसमें तकनीकी बोली के साथ मांगे गये सभी दस्तावेज एवं बोली के लिए निर्धारित तकनीकी मापदण्डों से सम्बंधित सभी दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियॉ ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होगी। द्वितीय बिड वित्तीय बिड होगी जिसमें उपरोक्त कार्य करने हेतु कार्य की दर निर्धारित प्रारूप (BOQ) में ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। तकनीकी बिड में बोली के लिए निर्धारित मापदण्डों के परिपेक्ष्य में तकनीकी बिड में योग्य पाये जाने पर सफल बोलीदाताओं की वित्तीय बिड खोली जायेगा।

2.2 पत्राचार हेतु संवेदक का पता :–

**(संवेदक का अपना स्थाई पता, ई–मेल, फोन नम्बर):–**

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

**3. तकनीकी बोली में संवेदक की योग्यता/पात्रता एवं तकनीकी बोली के साथ में बोलीदाता द्वारा निम्न दस्तावेज अनिवार्य तौर पर ऑनलाइन अपलोड किये जावेंगे :–**

3.1 बोलीदाताओं को बोली शुल्क, अमानत राशि एवं प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन बीकानेर नगर निगम की वेवसाईट www.bikanermc.org पर निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन करके www.eproc.rajasthan.gov.in पर तकनीकी बिड के साथ अपलोड करने पर ही बोली को मान्य किया जायेगा। उक्त सभी प्रक्रिया ऑनलाईन (ई–टेण्डरिंग) से करनी होगी।

3.2 बोलीदाता/फर्म का वस्तु एवं सेवाकर कार्यालय (GSTIN) में पंजीयन होना आवश्यक है। PAN Card एवं GSTIN पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति स्केन कर अपलोड करनी होगी।

3.3 बोलीदाता/फर्म का कर्मचारी भविष्य निधि विभाग में कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के तहत रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण होना आवश्यक है। पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति स्केन कर अपलोड करनी होगी।

3.4 कर्मचारी राज्य बीमा विभाग में कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण होना आवश्यक है। पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति स्केन कर अपलोड करनी होगी।

3.5 फर्म को गत पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) में से किसी एक वर्ष या एक से अधिक वर्षों में सरकारी कार्यालय/अर्द्धसरकारी कार्यालय/स्वायत्तशाषी संस्था/नगरीय निकाय/बोर्ड/निगम आदि में हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन अथवा जेटिंग कम सक्सन मशीनों के माध्यम से सीवर लाईन एवं सीवर मशीनहॉल की सफाई करने के कार्य, जो अनुमानित लागत का 40 प्रतिशत (एक कार्य का कार्य अनुभव निविदा की अनुमानित लागत का कम से कम 40 प्रतिशत होना चाहिये) के बराबर का सम्पादित किया हुआ हो, का अनुभव/पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। कार्य अनुभव/पूर्णता प्रमाण पत्र अधिशाषी अभियंता अथवा नगरीय निकाय में आयुक्त/उपायुक्त/अधिशाषी अधिकारी अथवा अन्य अधिकारी जो कि अधिशाषी अभियंता से नीचे की रैंक का न हो, से जारी अनुभव/पूर्णता प्रमाण पत्र की स्केन प्रति संलग्न करनी होगी।

3.6 फर्म का गत तीन वर्षों (वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) में औसत वार्षिक टर्न ऑवर कुल बोली राशि का न्यूनतम 60 प्रतिशत का सीए द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3.7 वर्तमान में फर्म को किसी सरकारी कार्यालय/अर्द्धसरकारी कार्यालय/स्वायत्तशाषी संस्था/नगरीय निकाय/बोर्ड/निगम आदि द्वारा दोषी मानकर ब्लैक लिस्ट/DEBAR में नहीं हो, इस आशय का रूपये 100 के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर नोटेरी पब्लिक से सत्यापित शपथ पत्र तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा (Annexure 'F')।

3.8 फर्म का कोई भी नजदीकी रिश्तेदार बीकानेर नगर निगम में कार्यरत नहीं है, इस आशय का रूपये 100 के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर नोटेरी पब्लिक से सत्यापित शपथ पत्र तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा (Annexure 'G')।

3.9 नगर निगम द्वारा संवेदक को सुपुर्द किये जाने वाले समस्त सीवरेज मशीनों का मेजर रखरखाव/रिपेयर/स्पेयर पार्ट्स जैसे ईंजन कार्य, गियर बॉक्स, जेटिंग व सक्शन पम्प, PTO का कार्य इत्यादि, मशीनों के अधिकृत विक्रेता से ही करवाने का रूपये 100 के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर नोटेरी पब्लिक से सत्यापित शपथ पत्र।

3.10 बोली प्रपत्र मय सभी अनुलग्नक (Annexure) के प्रत्येक पेज पर बोलीदाता के हस्ताक्षर व सील लगाकर बोली प्रपत्र की स्केन प्रति अपलोड करनी होगी।

3.11 बोलीदाता के द्वारा RTPP Act 2012 की धारा 7 व 11 में घोषणा पत्र की स्केन प्रति अपलोड करनी होगी (फोरमेट बोली प्रपत्र के साथ संलग्न है)।

3.12 ज्वोइंट वेन्चर फर्म द्वारा प्रस्तुत बोली प्रस्ताव स्वीकार नहीं होगा ।

3.13 संवेदक किसी अन्य व्यक्ति/फर्म को यह कार्य सबलेट नहीं कर सकेगा, इस आशय का 100 रू. के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र अपलोड करना होगा। (Annexure H)

3.14 फर्म के एक से अधिक साझेदार/सदस्य होने पर अनुबंध एवं बोली प्रपत्र हस्ताक्षर करने के लिये दी गई पॉवर ऑफ एटार्नी जमा करवानी होगी तथा

(क) बोली प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिये अधिकार पत्र, सभी पार्टनर्स का हस्ताक्षर किया हुआ, प्रस्तुत करेगा।

(ख) सफल संवेदक होने की स्थिति में अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने व अन्य कार्य करने के लिए अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**नोट :– उपरोक्त बिन्दु संख्या 3.1 से 3.14 तक निर्धारित मापदण्डों हेतु आवश्यक उल्लेखित दस्तावेज 'ई' बोली की तकनीकी बिड में अनिवार्य रूप से अपलोड करने होगें। इनके अभाव में बोली दाता को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा तथा उस बोलीदाता के द्वारा प्रस्तुत बोली का द्वितीय भाग (वित्तीय बिड) नहीं खोला जायेगा। तकनीकी बिड में सफल बोलीदाताओं की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी।**

**4. बोली की सामान्य शर्तें :–**

4.1 बोलीदाताओं को बोली शुल्क, अमानत राशि एवं प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन बीकानेर नगर निगम की बेवसाईट www.bikanermc.org पर निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन करके www.eproc.rajasthan.gov.in पर तकनीकी बिड के साथ अपलोड करने पर ही बोली को मान्य किया जायेगा। नियत समय के पश्चात प्राप्त बोलीयों पर विचार नहीं किया जावेगा। उक्त सभी प्रक्रिया ई–टेण्डरिंग से करनी होगी। निर्धारत बोली शुल्क, अमानता राशि एवं प्रोसेसिंग फीस से कम भुगतान करने वाली बोली पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा बोली हेतु अयोग्य माना जायेगा।

4.2 बोली शुल्क व ई–प्रकिया शुल्क (processing fee) की राशि Non-refundable है।

4.3 बोली प्रस्तुत करने के लिये सभी व्यय संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा। उक्त व्यय के लिए नगर निगम उत्तरदायी नहीं है।

4.4 बोली दस्तावेज अपलोड करने से पूर्व बोलीदाता को कार्य की प्रकृति, कार्य स्थल का भौतिक निरीक्षण/जानकारी कर लेने की सलाह दी जाती है। इससे सबंधित समस्त व्यय बोलीदाता को ही वहन करने होगें। बोली प्रस्तुत करने के उपरान्त समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी।

4.5 बोलीदाता कार्य की प्रकृति, कार्य स्थल, बोली दस्तावेज, विभिन्न नियम–शर्तो/निर्देशों को ध्यान में रखते हुए वितीय प्रस्ताव में अपनी दरें प्रस्तुत करें।

4.6 बोली प्रस्तुत करने की निर्धारित अन्तिम तिथि व समय के पश्चात् बोलीदाता, बोली में किसी प्रकार का संशोधन/बोली को प्रत्याहृत नहीं कर सकेगा।

4.7 बोली एवं कार्य से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना, विभिन्न नियम/शर्तों, विवरण पर जानकारी हेतु बोली प्रपत्र अपलोड करने से पूर्व संबंधित कार्यालय अधिशाषी अभियंता (यांत्रिक), नगर निगम बीकानेर से कार्यालय समय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

4.8 वित्तीय प्रस्ताव में बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत दरों में सभी प्रकार के कर व प्रभार सम्मिलित होगें। भुगतान में से टी.डी.एस. व अन्य करों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

4.9 सशर्त बोली मान्य नहीं होगी।

4.10 संविदा की समय अवधि एक वर्ष की होगी। कार्य संतोषजनक होने पर संवेदक की सहमति से नगर निगम नियमानुसार कार्य समय अवधि बढाये जाने हेतु स्वतंत्र है। अति विशिष्ट परिस्थितियों में आयुक्त, नगर निगम बीकानेर को अनुबन्ध अवधि विस्तार के सन्दर्भ में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार होगा एवं मान्य होगा। कार्य संतोषजनक नहीं होने अथवा अन्य परिस्थितियॉं होने पर कभी भी/किसी भी समय नगर

निगम बोली निरस्त कर सकता है जिस पर कोई वाद मान्य नहीं होगा तथा न ही संवेदक को संविदा में बचे हुए समय के लिए कोई क्षतिपूर्ति राशि देय होगी। इसके लिए निगम की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

4.11 नियमित रूप से कार्य की समय पाबन्द व्यवस्था व त्वरित निर्देश प्रवाह हेतु बोलीदाता/संवेदक को निरन्तर संचालन स्थिति में मोबाईल टेलीफोन की व्यवस्था रखनी होगी जिसके अभाव में शर्तो का उल्लंघन माना जावेगा। बोलीदाता/संवेदक को बीकानेर स्थित अपने कार्यालय/कार्यशाला का पूर्ण पता देना होगा।

4.12 नगर निगम के द्वारा LOA जारी करने के पश्चात सफल संवेदक को निम्न औपचारिकताएँ 15 दिन में पूर्ण करनी होगी :–

(क) नियमानुसार अनुबन्ध पत्र नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करना।

(ख) कार्य आदेश/बोली की राशि के 5 प्रतिशत के बराबर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/शेड्यूल बैंक की बैक गारण्टी/शेड्यूल बैक की एफ.डी.आर."Commissioner, Bikaner Nagar Nigam" के नाम बीकानेर में देय प्रस्तुत करने हेतु। संविदा अवधि के दौरान अनुबन्ध राशि में वृद्धि होने पर बढी हुई राशि की नियमानुसार कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि संवेदक द्वारा जमा करानी होगी।

(ग) सफल बोलीदाता को सीवर मशीनों की सुरक्षा के रूप में रूपये 50 लाख की प्रतिभूति राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/शेडयूल बैंक की बैक गारण्टी/शेडयूल बैक की एफ.डी.आर. "Commissioner Bikaner Nagar Nigam" के नाम बीकानेर में देय प्रस्तुत करनी होगी। जो कि अनुबन्ध अवधि की समाप्ति की दिनांक से 2 माह बाद की अवधि तक वैध होना आवश्यक है।

(घ) नगर निगम बैंक गारंटी जारी करने वाले बैंक से बैंक गारंटी प्रमाणीकरण करवाने हेतु स्वतंत्र है।

(ड) प्रतिभूति राशि जब्त करने की स्थिति में एफ.डी.आर. ब्याज सहित जब्त होगी।

(च) प्रतिभूति राशि संविदा कार्य समयावधि पूर्ण होने की दिनांक से 60 दिवस बाद तक वैध होनी आवश्यक है एवं कार्य की समयावधि बढ़ाने पर प्रतिभुति राशि की समयावधि भी उसी अनुसार संवेदक को बढ़वानी होगी।

4.13 यदि सफल बोलीदाता उपर्युक्त अवधि में अनुबंध पत्र एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि व मशीनों/वाहनों की सुरक्षा राशि जमा नहीं कराता है तो युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर देते हुए बीकानेर नगर निगम इस बोलीदाता की बोली को निरस्त कर एवं धरोहर राशि जब्त करते हुए RTPP अधिनियम 2012 एवं RTPP नियम 2013 के नियम 76(3) के अनुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र है।

4.14 सफल बोलीदाता की बोली के समय जमा करवायी गयी अमानत राशि को संवेदक के निवेदन पर प्रतिभूति राशि के प्रति समायोजित कर लिया जाएगा। अमानत राशि एवं प्रतिभूति राशि पर कोई ब्याज संदत नहीं किया जायेगा। सफल बोलीदाता के साथ अनुबन्ध निष्पादन के पश्चात् सभी असफल बोलीदाताओं की अमानत राशि विना ब्याज के लौटाई जावेगी।

4.15 केन्द्रीय सरकार तथा राजस्थान सरकार के उपक्रम प्रतिभूति राशि प्रस्तुत किए जाने से मुक्त होंगे।

4.16 सफल संवेदक के साथ अनुबन्ध निष्पादन होने के पश्चात् नगर निगम बीकानेर द्वारा सफल संवेदक को कार्यादेश जारी किया जायेगा। सफल संवेदक को कार्यादेश जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्य प्रारम्भ करना होगा। कार्य प्रारम्भ नहीं करने की अवस्था में प्रति दिन 20000/– रू शास्ति लगाई जायेगी।

4.17 **निम्न स्थिति मे अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी:–**

(1) बोली प्रस्तुत करने के निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् बोलीदाता, बोली में किसी प्रकार का संशोधन/बोली प्रत्याहृत करता हो

(2) जब बोलीदाता LOA जारी होने के पश्चात् दी गई समयावधि में अनुबंध पत्र प्रस्तुत नहीं करता है।

(3) यदि सफल बोलीदाता कार्यादेश के अनुसार दी गई अवधि में बोली में उल्लेखित कार्य का संचालन प्रारम्भ नहीं करता है।

(4) जब LOA दिए जाने के पश्चात् बोलीदाता प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।

(5) यदि बोलीदाता बोली प्रपत्र में दी गई शर्तों का उल्लंघन करता है।

4.18 **कार्य सम्पादन प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण (Forfeiture)**:– कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का निम्नलिखित कारणों/प्रकरणों में पूर्णतः या अंशतः समपहरण किया जा सकेगा–

(क) जब संविदा के किसी निबन्धन और शर्तों को भंग किया जाता है।

(ख) जब बोलीदाता संतोषप्रद रुप से सेवा प्रदाय करने में विफल रहता है।

(ग) जब बोलीदाता कार्यादेश में दी गई समयावधि में उल्लेखित कार्य का संचालन प्रारम्भ नहीं करता है।

(घ) प्रतिभूति निक्षेप के समपहरण के मामले में उपयुक्त समय का नोटिस दिया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त, बीकानेर नगर निगम का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

4.19 **बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत बोली को निम्न स्थितियों में निरस्त माना जायेगा यदि–**

(1) बोली दस्तावेजों के प्रावधान के अनुसार तकनीकी योग्यता नहीं रखता हो।

(2) बोली के साथ बोली प्रपत्र में उल्लेखित विभिन्न राशि व दस्तावेज जमा नहीं कराता हो।

(3) जानबुझकर तथ्यों को छिपाया गया हो या गलत पेश किया गया हो।

4.20 समयावधि के पश्चात प्राप्त बोलीयों पर विचार नहीं किया जायेगा। बोलीदाता द्वारा समयावधि के पश्चात् बोली प्रस्तुत करने के लिए बीकानेर नगर निगम उतरदायी नहीं होगा। किसी भी तकनीकी कारण से बोली दस्तावेज/शुद्विपत्र/संशोधन, ई– प्रोक्योरमेंट/SPPP पॉर्टल से डाउनलोड नहीं होने अथवा बोलीदाता के द्वारा बोली अपलोड नहीं होने पर नगर निगम उतरदायी नहीं है।

4.21 बोली खोलेने की तिथि को किसी कारणवश यदि बोलीयां नही खोली जाती है, तो उसके अगले कार्य दिवस को बोलीयां खोलने का कार्य जारी रखा जावेगा।

4.22 नगर निगम बोली स्वीकार करने, अस्वीकार करने, आंशिक स्वीकार करने, निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। न्यूनतम बोली स्वीकार करने के लिये नगर निगम बाध्य नहीं है। कार्य आदेश देने के पूर्व तक नगर निगम सभी बोलीयों को निरस्त कर सकता है।

4.23 सफल बोलीदाता द्वारा संविदा कार्य अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने एवं No Dues Certificate प्रस्तुत करने के पश्चात् प्रतिभूति राशि बिना ब्याज के लौटाई जायेगी।

**5. वाहन चालकों, ऑपरेटर एवं हेल्पर के सम्बंध में महत्वपूर्ण निर्देश :–**

**5.1** समस्त श्रम कानूनों के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व संवेदक का होगा।

**5.2** श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार वाहन चालकों, ऑपरेटर, हेल्पर को भुगतान करने का समस्त दायित्व संवेदक का होगा।

**5.3** संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त मैनपॉवर वाहन चालकों, ऑपरेटर, हेल्पर का नियमानुसार ई.पी.एफ एवं ई.एस.आई. जमा कराना होगा। जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह

के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में संबंधित चालान मय सूची की प्रति प्रस्तुत की जावे।

5.4 श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित दायित्वों के लिये संवेदक स्वयं उतरदायी होगा।

5.5 यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रवन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिकों को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन, छंटनी, मुआवजा आदि देने का समस्त उतरदायित्व संवेदक का होगा।

5.6 कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई. करवाने/सामुहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिये नगर निगम बीकानेर की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

5.7 श्रमिकों का बीमा करवाना संवेदक का उत्तरदायित्व होगा। कार्य जोखिम भरा होने के कारण पूर्ण सावधानी रखने की जिम्मेवारी संवेदक की होगी। इसमें नगर निगम बीकानेर का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

5.8 निविदादाता द्वारा लगाये गये व्यक्तियों के संबंध में लागू श्रम नियम/अधिनियम/उपनियम आदि की पालना संवेदक के द्वारा की जावेगी । नगर निगम बीकानेर का इस सम्बन्ध में कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा । इससे सम्बन्धित किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही का दायित्व संवेदक का होगा।

5.9 वाहन चालक अनुभवी एवं सम्बन्धित श्रेणी का वाहन चलाने का वैध ड्राईविंग लाइसेंसधारी होना चाहिये।

5.10 कार्य वर्ष के पूरे 365 दिन किया जाएगा।

5.11 सभी मशीनों की दैनिक लोगबुक मशीनों के साथ रखी जायेगी जिसमें वाहन को उपयोग में लेने वाले अधिकारी द्वारा प्रतिदिन किये गये कार्य का प्रमाणीकरण किया जायेगा।

5.12 प्रत्येक वाहन चालक, ऑपरेटर, हेल्पर वर्दी धारण करेगा जिसकी जिम्मेदारी संवेदक की होगी।

5.13 वाहनों के लिए ईंधन (ऑयल/डीजल), समस्त स्पेयर पार्टस्, ल्यूब्रीकेन्ट्स एवं मरम्मत के कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संवेदक की होगी। नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये सभी वाहनों/मशीनों की मेजर सर्विस/रिपेयरिंग कार्य अधिकृत विक्रेता/सर्विस सेन्टर से ही संबंधित अभियन्ता के पर्यवेक्षण में करवाना होगा तथा प्रति माह वाहनों में कराये गये कार्य की रिपोर्ट सर्विस सेन्टर के बिल सहित नगर निगम गैरेज में करनी होगी।

5.14 ड्युटी पर तैनात कोई भी वाहन चालक, ऑपरेटर, हेल्पर किसी भी प्रकार का व्यसन लेना, नशीला पदार्थ सेवन किया हुआ नहीं होना चाहिये तथा किसी भी प्रकार का अनैतिक आचरण नहीं करेगा। शारीरिक रूप से असक्षम एवं बाल श्रमिक कार्य पर नहीं लिया जावे। संवेदक द्वारा लगाये गये सभी वाहन चालक, ऑपरेटर, हेल्पर अनुशासित, समय पावन्द, मृदुभाषी होगें तथा आमजन व निगम कर्मचारियों के साथ शालीनता से व्यवहार करें। इस शर्त की पालना नहीं करने पर आयुक्त नगर निगम बीकानेर द्वारा संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में ली जावेगी।

**5.15** संवेदक द्वारा संचालित इन वाहनों/वाहन चालकों से दुर्घटना घटित होने पर समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी। ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने पर किसी भी तरह के चालान के लिये संवेदक/वाहन चालक जिम्मेदार होगा।

**5.16** वाहन चालक वाहनों के संचालन हेतु दक्ष एवं प्रशिक्षित तथा उपयुक्त श्रेणी का वैध लाईसेन्सधारी होना आवश्यक है। किसी भी तरह की शासकीय या आर्थिक हानि के लिये संवेदक जिम्मेदार होगा।

**5.17** कार्य समय में कार्य स्थल पर जाते समय या कार्य करते समय किसी प्रकार की प्राकृतिक/अप्राकृतिक घटना/दुर्घटना से जनसाधारण या श्रमिकों के घायल होने/मृत्यु होने आदि पर सभी प्रकार का उतरदायित्व (वित्तीय एवं विधिक) संवेदक का होगा। नगर निगम बीकानेर किसी भी प्रकार से किसी भी स्तर पर विधिक या अन्य रूप से उतरदायी नहीं होगा।

**5.18** त्यौहार/उत्सव, विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन पर एवं विशेष परिस्थितियों में कभी भी किसी भी समय वाहन को कार्य पर बुलाया जा सकेगा।

**5.19** संवेदक द्वारा मशीनों के संचालन के लिए लगाये गये समस्त श्रमिकों/वाहन चालकों के वेतन भुगतान की जिम्मेदारी संवेदक की होगी। निगम द्वारा इनको पृथक से किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया जायेगा।

**5.20** वाहन चालक आदि के उपयुक्त बीमा तथा श्रम नियमों एवं भविष्य निधि नियमों की पूर्ण पालना करने का उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा। सफल निविदादाता को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व मशीन/वाहन चालक के ड्राईविंग लाईसेंस की प्रतिया अधिशाषी अभियंता गैराज कार्यालय मे प्रस्तुत करनी होगी।

**5.21** वाहन एवं वाहन चालकों का विवरणः–

निम्न प्रपत्र में सूचना कार्यादेश जारी होने के बाद लेकिन कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह जानकारी यंत्रालय अनुभाग, नगर निगम बीकानेर को प्रस्तुत करनी होगी।

| क्र.सं. | मशीन/वाहन चालक का नाम व पता | वाहन चलाने का ड्राईविंग लाईसेन्स नम्बर | लाईसेन्स की वैद्यता दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | | |

5.22 संवेदक द्वारा वाहन चालकों/कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण अपने स्तर पर उपलब्ध करवाये जावेगें तथा कार्य के दौरान हमेशा सुरक्षा उपकरण साथ रखने होंगें। कार्य हेतु एवं कार्य के दौरान वाहन चालकों की सम्पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिए नगर निगम उत्तरदायी नहीं होगा।

5.23 संवेदक द्वारा सभी वाहनों पर स्वयं के स्तर पर GPS लगाया जायेगा जिसका व्यय निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा। GPS रिपोर्ट अनुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। उक्त जीपीएस सिस्टम नगर निगम परिसर में ही लगाना होगा तथा इन डिवाइसेज का लोग इन आईडी व पासवर्ड (Access) गैरेज कार्यालय में देना होगा।

5.24 वाहनों के सभी स्पेयर पार्टस् उपसाधन, बैटरियॉं, डीजल, ऑयल, ल्युब्रिकेन्टस, पार्टस मरम्मत, चालक एवं मशीनों पर अन्य समस्त व्यय निविदादाता को करने होगें।

5.25 लागू होने की स्थिति में निविदादाता के द्वारा राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम–1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम–1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम–1948 की पालना

सुनिश्चित करनी होगी। ईपीएफ एवं ईएसआई जमा करवाने की समस्त जिम्मेदारी सफल निविदादाता की ही होगी। संबंधित विभाग में किसी भी तरह की राशि बकाया नहीं होने की समस्त जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी। इसके लिए निगम किसी भी तरह से उतरदायी नहीं होगा।

6. **सीवर सफाई के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां एवं निर्देश:–**

6.1 Prohibition of Employment as Manual Scavengers and their Rehabilitation Rules, 2013 के अनुसार किसी भी व्यक्ति को सीवर सफाई के लिए सीवर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। Prohibition of Employment as Manual Scavengers and their Rehabilitation Rules, 2013 का यथा परिवर्तन सहित पालन संवेदक को करना होगा।

6.2 सीवर सफाई कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग किया जावे। बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर सफाई का कार्य नहीं करवाया जावे। सुपरवाईजर मशीनरी के साथ पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के साथ साईट पर उपस्थित रहें।

6.3 सर्वप्रथम सुपरवाईजर द्वारा सीवर सफाई के लिये पॉईट का निर्धारण करते हुए बैरिकेडिंग लगाई जावे। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य के आगे पीछे के दो – तीन मशीनहॉल खोले जावे ताकि जहरीली गैसें बाहर निकल जायें।

6.4 सफाई हेतु मशीन प्रयोग में ली जाकर उसका संचालन निर्धारित विधि एवं प्रशिक्षित सुपरवाईजर की देखरेख में किया जाना होगा।

6.5 सफाई उपरान्त मशीनहॉल को अच्छे तरीके से टाईट बंद किया जाना होगा।

6.6 हानिकारक गैस रिसाव होने की स्थिति में सुरक्षा उपकरण जैसे – Breathing Appratus, Alarm system, Firstaid इत्यादि की सम्पूर्ण व्यवस्था संवेदक के द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

6.7 संवेदक इस कार्य हेतु आवश्यकतानुसार (शर्त 7.3 में वर्णित) सुपरवाईजर रखेंगें। सफाई के कार्य हेतु सुपरवाईजर एवं प्रयुक्त मानव संसाधन पूर्ण रूप से उपयुक्त एवं प्रशिक्षित होने चाहिए।

6.8 संवेदक द्वारा जिन कर्मचारियों को सीवर और सेप्टिक टेंक की सफाई का कार्य सौंपा गया है, उनकी जीवन बीमा पॉलिसी कम से कम 10 लाख रू. की हो, जिसके प्रीमियम का भुगतान संवेदक द्वारा किया जावेगा। इसका उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

6.9 किसी भी लापरवाही के लिये संवेदक स्वयं ही जिम्मेदार होंगें।

6.10 Checklist for protective gears and safety devices that shall be made readily available in sewer cleaning at the site and contractor shall provide at the time of work starting which shall be verified by OIC Executive Engineer.

| | |
|---|---|
| Air compressor for blower | Air line respirator with manually operated air blower |
| Artificial respiration/Reticulate | Barrier Creme |
| Blower | Breathing Apparatus |
| Chlorine mask | First aid box |
| Gas monitor (4 gases) | Full body water suit |
| Hand Gloves | Helmet |
| Lead Acetate paper | Modular Airlines supply trolly system |

| | |
|---|---|
| Nylone rope ladder - 5 m | Pocket book |
| Rain coat | Safety belt |
| Safety body harness | Safety gumboots |
| Safety showers | Safety tripod set |
| Safety googles | Safety helmets |
| Safety torch | Search light |
| Airline breathing apparatus | Air purifier gas mask/chin cortege |
| Barrier caution tape | Barrier cone |
| Breath mask | Caution Board |
| Emergency medical oxygen resuscitator system | Face mask |
| Guide pipe set | Fishing wader suit attached with boot |
| Head lamps | Helmet demolishing |
| Life guard pad | Normal face mask |
| Nylon safety belt | Port oxy |
| Reflacting jacket | Safety body clothing |
| All required safety precautions apparatus | |

7. **कार्य एवं कार्यविधि, तकनीकी विवरण :–**

7.1 नगर निगम द्वारा चालू हालत (working condition) में मशीनें मय आवश्यक दस्तावेजों की छाया प्रति के साथ सफल संवेदक को सुपुर्द की जावेगी। फर्म को वाहन सुपुर्दगी के पश्चात संविदा अवधि में सभी वाहनों के इन्शोरेन्स, मशीन/वाहन चालक का लाइसेन्स व अन्य समस्त दस्तावेजों आदि के लिये संवेदक उत्तरदायी होगा। तत्पश्चात् मशीनों पर होने वाली समस्त प्रकार की रिपेयर आदि के लिए संवेदक उत्तरदायी होगा।

7.2 सक्षम स्तर से गठित समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर सफल संवेदक को सभी मशीनें चालू स्थिति में सुपुर्द की जावेगी। बोली अवधि समाप्त होने के पश्चात सक्षम स्तर से गठित समिति द्वारा प्रस्तुत संतोषजनक रिपोर्ट के आधार पर चालू हालत (working condition) में मशीनों को संवेदक द्वारा नगर निगम में सुपुर्द करना होगा। इस शर्त की पालना नहीं करने पर संवेदक की जमा प्रतिभूति राशि/सुरक्षा राशि में से कटौती की जायेगी।

7.3 सफल बोलीदाता को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व सभी मशीनों के साथ लगाई जाने वाली टीम/वाहन चालक का लाइसेन्स की प्रतियॉं तथा समस्त मैनपॉवर का रिकॉर्ड गैरेज प्रभारी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

7.4 संवेदक द्वारा मशीनों के संचालन एवं रख–रखाव पर निम्नानुसार न्यूनतम स्टाफ होना चाहिए। आवश्यकता के अनुसार स्टाफ को बढ़ाया जा सकता है जिसके लिये नगर निगम द्वारा अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | मशीन का प्रकार | क्षमता | न्यूनतम स्टाफ की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन एवं 10000 लीटर क्षमता के 02 डम्प टैंक | 10000 लीटर | 01 सुपरवाईजर<br>03 भारी वाहन चालक<br>01 ऑपरेटर एवं 7 हेल्पर |
| 02 | हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन एवं 10000 लीटर क्षमता के 01 डम्प टैंक | 10000 लीटर | 01 सुपरवाईजर<br>02 भारी वाहन चालक<br>01 ऑपरेटर एवं 7 हेल्पर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | जेटिंग कम सक्सन मशीन 8500 लीटर टैंक (4500 ली. जेटिंग वॉटर टैंक एवं 4000 ली. शल्ज टैंक) | 8500 लीटर | आवश्यकतानुसार सुपरवाईजर प्रति मशीन – 01 भारी वाहन चालक, 01 ऑपरेटर, 3 हेल्पर |
| 04 | जेटिंग कम सक्सन मशीन 4500 लीटर टैंक (2500 ली. जेटिंग वॉटर टैंक एवं 2000 ली. शल्ज टैंक) | 4500 लीटर | आवश्यकतानुसार सुपरवाईजर प्रति मशीन – 01 भारी वाहन चालक, 01 ऑपरेटर, 3 हेल्पर |
| 05 | संकडी / तंग गलियों में रोडिंग कार्य हेतु 4500 लीटर क्षमता की 2 मशीनों के साथ 2–2 कुशल श्रमिक / हेल्पर अतिरिक्त लगाये जायेंगे। | | |

7.5 वाहनों के सभी स्पेयर पार्टस, उपसाधन, बैटरियॉ डीजल, ऑयल, ल्युब्रिकेन्टस, पार्टस मरम्मत, चालक एवं मशीनों पर अन्य समस्त व्यय सफल संवेदक को वहन करने होगें।

7.6 यातायात के समस्त नियमों की पालना सफल संवेदक को करनी होगी।

7.7 हाईपॉवर जेटिंग कम सुपर सकर मशीन के लिये 5000 ली. क्षमता का पानी टैंकर संवेदक द्वारा ही उपलब्ध करवाया जाकर मशीनों के साथ रखा जायेगा जिनमें पम्पिंग करने की मशीन लगी हुयी होनी चाहिए जिससे सीवर मशीन के टैंक को सीधा ही भरा जा सकें।

7.8 नगर निगम बीकानेर द्वारा उपलब्ध करवाई इन सीवर मशीनों के संचालन एवं रख–रखाव हेतु बोली प्रपत्र की शर्त संख्या 6.10 के अतिरिक्त आवश्यक समस्त प्रकार के सुरक्षा उपकरण जैसे गैती, लोहे की रोडें, फावड़ा, छैनी, हथौड़ी, बाल्टी, सैफ्टी बैल्ट, बांस, खुरपी, खपच्ची, मजबूत रस्सी, टॉर्च तथा सीवर लाईन की चौकिंग दूर करने हेतु फ्लेक्सिबल स्टील रोड्स एवम् आवश्यक टूल जैसे कटर, भाला, रूट कटर तथा सीवर सफाई काम में आने वाले समस्त उपकरण आदि सामान की व्यवस्था संवेदक को स्वयं करनी होगी।

7.7 संवेदक को सीवर लाईन की सफाई के दौरान डिसिल्टिंग भी करनी होगी। डिसिल्टिंग की आवश्यकता के अनुसार लाईन की Plugging or blocking करनी होगी। साथ ही Plugging or blocking होने पर सीवर लाईन को पम्प लगाकर बाईपास करना होगा। आवश्यकतानुसार संवेदक को पम्प सेट उपलब्ध करवाने होगें। जिसके लिए नगर निगम द्वारा अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

7.8 भारत सरकार के निर्देशानुसार सीवर चैम्बरो में श्रमिकों के उतरने का कार्य प्रतिबंधित कर दिया गया है। अतः आवश्यकतानुसार सीवर चैम्बर से सिल्ट, पॉलीथीन आदि निकालने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेश / निर्देश इत्यादि के अनुसार तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया जायेगा, जिसे उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा अलग से कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा।

7.9 सफाई कार्य एवं अन्य कार्यों का निर्धारण नगर निगम के अधिकृत अधिकारी करेगें, उसी अनुसार कार्य करना होगा। कार्य के समय की गणना कार्य स्थल पर पहुँचने से शुरू होगी। कार्य का समय नगर निगम द्वारा निर्धारित किया जावेगा। भीड–भाड़ वाले क्षेत्रों में रात्रि में कार्य किया जायेगा।

7.10 बीकानेर के सम्पूर्ण नगरीय क्षेत्र में सीवर मशीनहॉल / चैम्बर्स की सफाई, चौकिंग हटाने तथा चैम्बर्स से निकाली गई सिल्ट को बीच रोड़ से हटाकर उचित स्थान पर निस्तारण करना होगा।

7.11 सीवर लाईन की चौकिंग हटाने व मशीनहॉल की सफाई के कार्य में पर्याप्त अनुभवी व कुशल श्रमिकों को ही लगाया जावेगा तथा लगाये गये श्रमिकों को आवश्यक समस्त उपकरण संवेदक द्वारा उपलब्ध कराने होगें।

7.12 सीवर लाईन सफाई करते समय यदि कोई खुदाई का कार्य किया गया है तो राहगीरों की सुरक्षा के दृष्टिगत बेरीकेडिंग की व्यवस्था संवेदक को करनी होगी।

7.13 रोडिंग से 4 इंच से 12 इंच व्यास की सीवर लाईनों की सफाई की जानी है परन्तु आवश्यकता होने पर 12 इंच से बडे आकार की सीवर में भी रोडिंग करके सफाई कार्य करना होगा।

7.14 कार्य पूर्ण करने के पश्चात फ्रेम से मिट्टी हटाकर मशीनहॉल कवर को उसकी सही स्थिति में वापिस रख कर यह सुनिश्चित किया जावेगा कि कवर सही ढ़ंग से फिट हो गया है व उसमे कोई रबक नहीं है।

7.15 यदि सीवर मशीनहॉल के ढक्कन कहीं दबे हुए है तो मेटल डिटेक्टर की सहायता से संबंधित अधिकारियों के मार्गदर्शन/निर्देशन में खुदाई कराई जावे। रोड कटिंग, केबल इत्यादि की स्थिति हेतु निगम अभियन्ताओं की उपस्थिति में ही कार्य करावें।

7.16 कनिष्ठ अभियंता/सहायक अभियंता/स्वच्छता निरीक्षक/स्वास्थ्य अधिकारी/नगर निगम के उच्चतर अधिकारी के द्वारा दूरभाष पर निर्देश प्राप्त होने पर शिकायत का निस्तारण अविलम्ब करना होगा।

7.17 संवेदक को राजस्थान सम्पर्क व नगर निगम की हैल्पलाईन शाखा से प्रतिदिन सीवर जाम/सीवर लाईन ओवर फ्लो होने से संबंधित समस्त शिकायतों के अलावा दूरभाष पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को भी 24 घण्टे में निस्तारण करना होगा।

7.18 संवेदक को प्रति दिवस प्राप्त होने वाली शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण करना होगा। नगर निगम के कॉल सेन्टर के अतिरिक्त एक अन्य हैल्प लाईन की व्यवस्था संवेदक द्वारा स्वयं के स्तर पर की जायेगी, जिसके लिए कार्यालय समय मे संवेदक द्वारा अधिकृत कर्मचारी लगाना होगा। उक्त कर्मचारी द्वारा एक शिकायत पंजिका का संधारण किया जायेगा जिसमें समस्त शिकायतों (दूरभाष एवं ऑफलाईन) के प्राप्त होने एवं निराकरण की दिनांक व समय का अंकन करना होगा। संवेदक द्वारा प्राप्त शिकायतों का निविदा शर्तो अनुसार निस्तारण पश्चात उन निस्तारित शिकायतों को संबंधित अधिकारी के द्वारा सत्यापन करवाना होगा। प्रति माह बिल के साथ संबंधित अधिकारी से प्रमाणित शिकायत पंजिका की कॉपी प्रस्तुत करनी होगी।

7.19 आवश्यक होने पर संवेदक को राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी सीवर सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण कार्य करना होगा। उक्त कार्य हेतु कर्मचारियों की तैनाती संवेदक अपने स्तर पर करेगा तथा कार्यरत कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश इत्यादि संवेदक द्वारा अपने स्तर पर दिये जाने की व्यवस्था की जावेगी।

7.20 सीवर मशीनहॉल के कवर्स को उचित साधन के द्वारा सावधानीपूर्वक खोला जावेगा ताकि उनके कोई क्षति न पहुंचे। यदि कवर अथवा उसके फ्रेम को क्षति पहुंचती है तो उसकी तत्काल निःशुल्क मरम्मत करने का दायित्व संवेदक का होगा।

7.21 मशीनें खराब होने पर संवेदक द्वारा अधिशाषी अभियन्ता (यांत्रिकी) के निर्देशन में निविदा की शर्तो के अनुसार मशीनों को सही करवाया जायेगा।

7.22 सीवर लाईन सफाई के दौरान निकले समस्त प्रकार के कचरे मिट्टी एवम् पत्थर बाहर निकालकर सीवर सिस्टम को चालू करना होगा।

7.23 एक मशीनहॉल से दूसरे मशीनहॉल के बीच की लाईन की जांच के दौरान चालू करके चैक कराना होगा। आवश्यकता होने पर पानी निकालने के लिए संवेदक को पम्प की व्यवस्था स्वयं के खर्चे पर करनी होगी।

7.24 सफल बोलीदाता को नगर निगम कार्यालय/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों/आदेशों का पालन करना होगा।

7.25 कार्य का निरीक्षण किसी भी समय निगम के प्रशासक/महापौर/आयुक्त/उपायुक्तगण/नगर निगम के अधिकृत अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा।

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905

E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

7.26 संवेदक द्वारा संविदा अवधि के दौरान किसी भी समय बोली/अनुबंध शर्तो की अवहेलना करने पर नगर निगम बीकानेर द्वारा बोली निरस्त कर जमा प्रतिभूति राशि जब्त की जा सकेगी। इस संदर्भ मे अन्तिम निर्णय नगर निगम बीकानेर का होगा एवं मान्य होगा।

7.27 सीवर मशीनों का उपयोग सीवर लाईनों की सफाई कार्य में लिया जायेगा। लेकिन आवश्यकता होने पर कवर नाले/नाली जो की कवर है वहां पर भी उक्त मशीनों का उपयोग किया जायेगा।

7.28 मशीनों के कार्य प्रमाणन हेतु सभी मशीनों के लिए अलग–अलग लॉग बुक नगर निगम कार्यालय में आवश्यक शुल्क जमा करवाकर माह की अन्तिम तारीख से पूर्व प्राप्त करनी होगी।

7.29 बोलीदाता लॉग बुक को भरे जाने एवं उपयोगकर्ता अधिकारी से प्रमाणित हस्ताक्षर मय सील कराये जाने के लिये उत्तरदायी होगा।

7.30 निविदा में वर्णित कार्यों के अलावा अन्य कार्य यथा सीवर लाईन के किसी भी तरह के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में सीवर लाईन चौक करना एवं खोलने हेतु संवेदक को निर्देशित करने पर कार्य सम्पादित करना होगा ।

7.31 प्रत्येक माह प्रभारी यंत्रालय अनुभाग को मशीनें चैक करवाते हुए संतोषजनक व चालू हालत (working condition) में मशीनों के होने की रिपोर्ट बिल के साथ प्रस्तुत करनी होगी।

7.32 उपलब्धता होने पर इन सभी मशीनो का निर्धारित पार्किंग स्थल बीकानेर नगर निगम गैरेज अथवा नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थल होगा। इस हेतु प्रति मशीन प्रति माह राशि 2500/– रूपये जमा करवाने/प्रतिमाह के बिलों में कटौती संवेदक द्वारा करवाई जायेगी। प्रतिदिन मशीनें नगर निगम गैरेज से रवाना होगी, गैरेज में निर्धारित रजिस्टर पर मशीनों के आने व जाने का समय अंकित कर चालक द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे। संविदा अवधि में मशीनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संवेदक की होगी।

7.33 सफल संवेदक द्वारा बोली मे उपयोग मे लिये गये समस्त शपथ पत्र की मूल प्रति अनुबंध निष्पादन के समय नगर निगम बीकानेर मे प्रस्तुत करनी होगी एवं अनुबंध निष्पादन की कार्यवाही उक्त कार्य के पश्चात ही की जावेगी। असफल बोलीदाताओ द्वारा अमानत राशि रिफण्ड आवेदन पत्र के साथ बोली मे उपयोग मे लिये गये समस्त शपथ पत्र की मूल प्रति नगर निगम बीकानेर कार्यालय मे प्रस्तुत करनी होगी, इसके अभाव मे अमानत राशि रिफण्ड नही की जावेगी।

7.34 सामान्यतया मशीनों से सीवर सफाई कार्य बीकानेर नगर निगम के सम्पूर्ण क्षेत्र (सभी वार्डों) में आवश्यकतानुसार 8 घण्टे की कुल कार्य अवधि के लिए किया जायेगा। आपातकाल/आवश्यकतानुसार वाहन किसी भी समय बीकानेर नगर निगम क्षेत्र में किसी भी वार्ड में उपलब्ध करवाकर कार्य करना होगा। साथ ही मशीनों/वाहनों का रात्रि में एवं राजकीय अवकाश में भी उपयोग किया जा सकेगा जिसकी उपलब्धता संवेदक द्वारा सुनिश्चित की जावेगी।

7.35 प्रतिदिन का कार्य समय ग्रीष्म काल व शीत काल में प्रभारी अधिकारी यंत्रालय अनुभाग द्वारा निर्देशानुसार परिवर्तनीय रहेगा। जिसकी पालना संवेदक द्वारा सुनिश्चित की जावेगी।

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

7.36 सुपुर्द की जाने वाली मशीनों का विवरणः–

| S. no. | Particulars of Machine | Model | Company/Manufacturer |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1 | Complete unit of high power jetting cum super sucker machine of 10,000 Ltr. tank Capacity and two sludge disposel tankers. | 2019 | Cabin Chasis- Ashoka Leyland<br>Equipment- TPS |
| 2 | Complete unit of high power jetting cum super sucker machine of 10,000 Ltr. tank Capacity and one sludge disposel tankers. | 2022 | Cabin Chasis- TATA<br>Equipment- Ensol |
| 3 | Jetting cum suction machine of 8500 Ltr. Capacity (jetting tank 4500 ltr. and sludge tank 4000 ltr. capacity). | 2020-21 | Cabin Chasis- TATA<br>Equipment- TPS |
| 4 | Jetting cum suction machine of 8500 Ltr. Capacity (jetting tank 4500 ltr. and sludge tank 4000 ltr. capacity) | 2022 | Cabin Chasis- TATA<br>Equipment- TPS |
| 5 | Jetting cum suction machine of 4500 Ltr. Capacity (jetting tank 2500 ltr. and sludge tank 2000 ltr. capacity). | 2019 | Cabin Chasis- TATA<br>Equipment- Ensol |
| 6 | Jetting cum suction machine of 4500 Ltr. Capacity (jetting tank 2500 ltr. and sludge tank 2000 ltr. capacity). | 2020-21 | Cabin Chasis- TATA<br>Equipment- TPS |
| 7 | Jetting cum suction machine of 4500 Ltr. Capacity (jetting tank 2500 ltr. and sludge tank 2000 ltr. capacity). | 2022 | Cabin Chasis- TATA<br>Equipment- TPS |

## 8. कार्य का प्रमाणन एवं भुगतानः–

8.1 मशीनों का प्रति दिन प्रति पारी 8 घण्टों का ही भुगतान किया जायेगा। आवश्यक होने पर आयुक्त/अधिशाषी अभियंता के निर्देशानुसार एक दिन में आठ घण्टे से जितने घण्टे अधिक कार्य करेगी उसका GPS रिपोर्ट व लोगबुक प्रमाणीकरण के अनुसार उन अतिरिक्त घण्टों का भुगतान अनुपातिक रूप से किया जायेगा।

8.2 प्रतिदिन 8 घण्टे से कम कार्य करने पर आनुपातिक कटौती कर भुगतान किया जायेगा। कार्य करने के समय की शुरूआत वार्ड में शिकायत लोकेशन पर पहुँचने से होगी।

8.3 संवेदक द्वारा सभी वाहनों पर स्वयं के स्तर पर GPS लगाया जायेगा जिसका व्यय संवेदक द्वारा वहन किया जायेगा। जीपीएस सिस्टम का लॉगईन आईडी व पासवर्ड (Access) इस कार्यालय के संबंधित अधिकारी को देना होगा। लगाये गये जीपीएस सिस्टम का मोबाईल ऐप भी होना आवश्यक है तथा मोबाईल ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध होना आवश्यक है। संविदा अवधि के दौरान उक्त जीपीएस सिस्टम नवीनतम तकनीक के अनुसार समय–समय पर अपग्रेड करने होंगे।

8.4 प्रत्येक माह का बिल कार्य/मशीन के सम्बन्धित अधिकारी द्वारा लॉग बुक में हस्ताक्षर मय सील प्रमाणीकरण सहित मासिक रिपोर्ट व जीपीएस रिपोर्ट के साथ आगामी माह की 15 तारीख तक अधिशाषी अभियंता कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। बिना GPS रिपोर्ट के कार्य का भुगतान नहीं किया जायेगा।

8.5 कार्य की दैनिक शिकायतों का चार्ट हेल्पलाइन से प्राप्त कर उन सभी शिकायतों का निस्तारण होने के पश्चात संबंधित उपयोगकर्ता अधिकारी/प्रभारी द्वारा कार्य पूर्णता को लोगबुक में प्रमाणित करने के पश्चात् भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। भुगतान सम्बन्धित समस्त प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात भुगतान किया जायेगा। प्रक्रिया में समय लगने के कारण बोलीदाता द्वारा कार्य बन्द नहीं किया जावेगा।

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

## 9. निगम शक्तियों एवं शास्तियां प्रावधान

9.1 वाहनों के लिये ईंधन (डीजल/ऑयल), समस्त स्पेयर पार्टस्, ल्यूब्रिकेन्ट्स एवं मरम्मत के कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संवेदक की होगी।

9.2 **शास्ती प्रावधान–**

